प्रादेशिक समाचार

11.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में आज केंद्र सरकार पर टिप्पणी को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच भारी तकरार हुई। संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा केंद्र सरकार पर अमेरिका के सामने झुकने आरोप लगाया।

साउंड बाइट – राधाकृष्ण किशोर ऑन मान–सम्मान – 20 सेकेंड

श्री किशोर की केंद्र पर विवादित टिप्पणी के विरोध में भाजपा विधायकों ने वेल में नारेबाजी की। मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने इस टिप्पणी को कार्यवाही से हटाने की मांग की।

साउंड बाइट – नवीन जायसवाल ऑन मान–सम्मान – 19 सेकेंड

इस हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही पहले 12 बजकर 50 मिनट और फिर भोजनावकाश तक स्थगित रही। वहीं, दूसरी पाली में स्वास्थ्य और खाद्य आपूर्ति विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा शुरू हुई, जहां विपक्षी विधायकों ने कटौती प्रस्ताव पेश किया। फिलहाल सदन में बजट प्रस्तावों पर बहस जारी है और विपक्षी सदस्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं।

****

कोडरमा के झुमरी तिलैया नगर परिषद में आज नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। प्रखंड सभागार में आयोजित समारोह में अध्यक्ष रमेश हर्षधर और 28 वार्ड पार्षदों को अपर समाहर्ता पूनम कुजूर ने शपथ दिलाई। इसके बाद वार्ड नंबर 21 के पार्षद मनोहर राम निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने गए। अध्यक्ष ने शहर के विकास के लिए जल्द नई रणनीति तैयार करने का भरोसा दिया है।

****

रांची में वॉश इन स्कूल पर आज से तीन दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला हो रही है। कार्यक्रम में मंत्री योगेंद्र प्रसाद मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के तहत राज्य के 9 चयनित स्कूलों को सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय स्वच्छता और स्वास्थ्य मानकों पर विशेष चर्चा की जाएगी।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज केरल के एर्नाकुलम में 10 हजार 800 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। कोच्चि में आयोजित एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने एनडीए के सुशासन मॉडल पर जोर दिया और विकास का संकल्प दोहराया।

****

हजारीबाग के दीपुगढ़ा स्थित संत माइकल स्कूल में आज एक विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने यहां 160 दिव्यांग बच्चों के बीच श्रवण यंत्रों का वितरण किया। उपायुक्त ने स्कूल की सुविधाओं का निरीक्षण भी किया और संस्थान को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने के लिए हर संभव प्रशासनिक सहयोग का भरोसा दिया।

****

साहिबगंज की निहारिका सिन्हा ने यूपीएससी परीक्षा 2025 में देशभर में 365वां रैंक हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। आज उपायुक्त हेमंत सती ने निहारिका और उनके माता–पिता को सम्मानित किया। एक दर्जी की बेटी निहारिका ने दूसरे प्रयास में यह सफलता पाई है। उपायुक्त ने इसे स्थानीय युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।

****

मौसम विभाग ने आज रांची, बोकारो और धनबाद समेत राज्य के पूर्वी और मध्य हिस्सों में गरज–चमक के साथ बारिश और 40 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने 15 मार्च से राज्य में बारिश का एक और दौर शुरू होने की संभावना जताई है।

*******समाप्त********